मंजुश्री दयानन्द, भाखेप्रा.
कार्यकारी निदेशक
Manjushree Dayanand, SAI
Executive Director

SAI
भारतीय खेल प्राधिकरण
SPORTS AUTHORITY OF INDIA

फा.सं. : भाखेप्रा/नराकास/3085/2023-24 /620–700 दिनांक : 02 नवम्बर, 2023

सेवा में,

समस्त कार्यालय प्रमुख
सदस्य कार्यालय, नराकास (दक्षिण दिल्ली – 2)

विषय : नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की द्वितीय बैठक के आयोजन के संबंध में।

महोदय/महोदया,

उपर्युक्त विषय के संदर्भ में यह सूचित किया जाता है कि नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (दक्षिण दिल्ली – 2) की द्वितीय बैठक महानिदेशक, भारतीय खेल प्राधिकरण, मुख्य कार्यालय/अध्यक्ष, नराकास दक्षिण दिल्ली – 2 की अध्यक्षता में दिनांक 07.11.2023 को अपराहन 3:00 बजे विज्ञान भवन स्थित सम्मेलन कक्ष संख्या – 5 में आयोजित की जा रही है ।

नियमानुसार, नराकास की बैठकों में कार्यालय प्रमुख का भाग लेना अनिवार्य होता है चूंकि इसकी रिपोर्ट संसदीय राजभाषा समिति के समक्ष प्रस्तुत की जाती है । आपसे अनुरोध है कि इस बैठक में आप स्वयं अनिवार्य रूप से अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें और 01 राजभाषा अधिकारी/कर्मचारी को अपने साथ लाए।

उन कार्यालयों से अनुरोध है जिन्होंने अभी तक अपनी छमाही रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं की है वे सभी तत्काल अनिवार्य रूप से दिनांक 03.11.2023, 12:00 बजे तक अपनी-अपनी रिपोर्ट इस कार्यालय को narakas.saiho@gmail.com पर प्रेषित करें।

नोडल कार्यालयों के अधिकारियों से भी अनुरोध है कि अपने कार्यालय समूहों को निदेश दें कि वे समाप्त छमाही रिपोर्ट (अप्रैल-जून 2023 और जुलाई-सितंबर 2023 की समेकित रिपोर्ट) को अविलंब प्रेषित करें। समीक्षा रिपोर्ट के आँकड़े समीक्षा हेतु उप-निदेशक, उत्तरी क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय दिल्ली को दिनांक 03.11.2023, [illegible] बजे तक भेज दिए जाएंगे। बाद में प्राप्त होने वाली रिपोर्टों को इसमें शामिल नहीं किया जाएगा और उस [illegible] का नाम स्क्रीन पर रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई के रूप में दर्शाया जाएगा।

02/11/2023

(मंजुश्री दयानंद)
कार्यकारी निदेशक (राजभाषा/नराकास)

1. श्री कुमार पाल शर्मा, उप निदेशक, कार्यान्वयन, उत्तरी क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय – 1 (दिल्ली) – अनुरोध है कि बैठक में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें - सूचनार्थ।
2. सभी नोडल कार्यालय, नराकास (दक्षिण दिल्ली – 2)-सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु।
3. महानिदेशक, भाखेप्रा के उप-निदेशक
4. सचिव, भाखेप्रा के सहायक निदेशक
5. सहायक निदेशक, (आई. टी.) – अनुरोध है कि कृपया भाखेप्रा की वेबसाइट के नराकास टैब पर अपलोड करें।
6. मास्टर फोल्डर